दिन– गुरुवार

दिनांक– 17 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. सीवान जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम चार लोगों की मौत। पन्द्रह से अधिक बीमार। मामले में अब तक नौ लोगों की हुई गिरफ्तारी।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– बाढ़ प्रभावित जिलों के पीड़ित किसानों को फसलों की क्षति का मुआवजा दीपावली से पहले मिल जाएगा।
03. राज्य में एक नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद। पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से किसान पन्द्रह फरवरी तक बेच सकेंगे धान।
04. और, राज्य की चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए एनडीए के घटक दलों के बीच सहमति बनी। भाजपा दो और जदयू तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा एक–एक सीट पर उतारेगी अपना उम्मीदवार।

---

सीवान जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी है जबकि पन्द्रह से अधिक लोग बीमार हैं। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मरने वाले सभी लोग भगवानपुर पुलिस थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि स्थानीय लोगों के अनुसार जहरीली शराब पीने से सोलह लोगों की मौत हुई है। वहीं, सारण जिले में भी चार लोगों की शराब पीने से मौत की खबर है। हांलाकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। इधर, सीवान के जिलाधिकारी मुकुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अमितेश कुमार ने प्रभावित गांवों कौड़िया वैश्य टोली, खैरवां और माघर का दौरा कर स्थिति की जानकारी ली और बीमार लोगों के खोजकर इलाज कराने के निर्देश दिये। इस बीच, सीवान के एसपी ने भगवानपुर हाट के थानाध्यक्ष और दो चौकीदार को निलंबित कर दिया है। वहीं, सारण के पुलिस अधीक्षक कुमार आशिष ने मशरक थाना के एक एएसआई और चौकीदार को निलंबित कर दिया है। साथ ही थानाध्यक्ष से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इस मामले में अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की जांच के लिए पटना से मद्य निषेध विभाग की दो टीमों को भेजा गया है।

---

प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों के पीड़ित किसानों को फसलों की क्षति का मुआवजा दीपावली से पहले मिल जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार के बरारी में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि मुआवजे की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जायेगी।

———————————————————————————

राज्य में एक नवंबर से धान की सरकारी खरीद शुरू होगी। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। एक नवम्बर से उत्तर बिहार के जिलों में धान खरीद शुरू होगी। वहीं, पन्द्रह नवंबर से दक्षिण बिहार के जिलों में खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी। विभाग ने पन्द्रह फरवरी तक धान खरीद की समय सीमा तय की है। निबंधित किसान पैक्स और व्यापार मंडलों में अपना धान बेच सकते हैं। इस बार किसानों को साधारण धान के लिए दो हजार तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड ए धान के लिए दो हजार तीन सौ बीस रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जायेगा। धान खरीद के लिए बिहार राज्य खाद्य और असैनिक आपूर्ति निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

———————————————————————————

राज्य की चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर अंतिम रूप से सहमति बन गयी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार होंगे। वहीं, एक–एक सीट पर जदयू और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा अपने उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में सभी प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी जायेगी।

———————————————————————————

जन सुराज पार्टी ने तरारी विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में सेवा निवृत्त लेफ्टिनेंट जेनरल एस.के. सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के संरक्षक प्रशांत किशोर ने पटना में यह जानकारी दी।

———————————————————————————

राज्य के छह हजार पांच सौ तैंतालीस पैक्स में पांच चरणों में चुनाव कराने पर सहमति बन गयी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सहकारिता विभाग, सामान्य प्रशासन, गृह विभाग और पुलिस के वरीय अधिकारियों के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक में मतदान की प्रस्तावित तिथि पर सहमति बन गई है। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। बैठक में शहरी निकाय में शामिल पैक्स का चुनाव बाद में कराने का निर्णय लिया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चंडीगढ़ में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उप–मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। भाजपा ने एक वक्तव्य जारी कर कहा है कि यह सम्मेलन हरियाणा के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद शुरू होगा। सम्मेलन में राष्ट्रीय विकास के मुद्दों पर विचार–विमार्श किया जाएगा। इस अवसर पर संविधान का अमृत महोत्सव के आयोजन पर भी चर्चा होगी। इस समय भाजपा के तेरह मुख्यमंत्री और सोलह उप–मुख्यमंत्री हैं, जबकि बिहार, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, नागालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री पार्टी के सहयोगी दलों से हैं।

---

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को लेकर आज पटना में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चौवालीस जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह कार्यशाला पीएम गतिशक्ति के हितधारकों को एक साथ लाने और सभी विभागों तथा मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के मंच के रूप में काम करेगी।

---

राज्य के जिन अंचलों में दाखिल–खारिज और परिमार्जन के मामले सबसे अधिक लंबित हैं वहां राजस्व पदाधिकारी की तैनाती की जायेगी। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को तीन महीने के अन्दर सभी ऑनलाईन सेवाओं में लंबित मामलों को शून्य करने का भी निर्देश दिया। बैठक में पटना सदर अंचल को चार भागों में बांटने का भी निर्णय लिया गया।

---

पूर्व मंत्री बृजबिहारी प्रसाद हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट से उम्रकैद की सजा के बाद पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला उर्फ मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी ने कल पटना सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए बेऊर जेल भेज दिया है।

---

बार काउंसिल ऑफ इंडिया, बीसीआई ने देश के सभी स्टेट बार काउंसिल को शहरी क्षेत्र के जूनियर वकीलों को बीस हजार प्रतिमाह और ग्रामीण क्षेत्र के जूनियर

वकीलों को पन्द्रह हजार प्रतिमाह मानदेय देने का निर्देश दिया है। बीसीआई ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक आदेश के आलोक में यह पत्र जारी किया है।

———————————————————————

बेगूसराय के सिमरिया धाम में आज से राजकीय कल्पवास मेला शुरू हो रहा है। यह मेला सोलह नवम्बर तक चलेगा। मेले को लेकर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किये गये हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता से——

———बाईट———

सिमरिया कल्पवास मेले में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के अलावा नेपाल से भी बड़ी संख्या में संत, खालसा के महंत और श्रद्धालु यहां पहुंच चुके हैं। मेले के लिए कल्पवासी तेजी से प्रणकुटीर बना रहे हैं। श्रद्धालु की सुविधा के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला और एसपी मनीष कुमार मेले में आयोजित हर गतिविधि पर स्वयं नजर रख रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

———————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ छियालीस नये मामलों की पुष्टि हुई। इसमें चौंसठ मरीज पटना से हैं। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के भी पांच नये मामलों की पुष्टि हुई है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने नैक की मान्यता नहीं रहने के कारण राज्य के तीन सौ इक्यासी निजी शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों को नामांकन में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ देने पर लगी रोक को सशर्त हटा लिया है। विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ऐसे संस्थानों में नामांकन के लिए छात्रों को योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में जल्द ही आदेश जारी किया जायेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इक्कीस अक्टूबर को राज्य के नवनियुक्त एक हजार दो सौ उनतालीस दारोगा को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय द्वारा पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। इस मौके पर राज्य में पहली बार ट्रांसजेंडर पुलिस अवर निरीक्षकों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा।

———————————————————————

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सभी विद्यालयों में एंटी बुलिंग कमिटी के गठन का निर्देश दिया है। आयोग ने पॉक्सो एक्ट के तहत इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया है। यह कमिटी महाविद्यालयों में गठित एंटी रैगिंग कमिटी की

तरह काम करेगी। छात्रों को डराने, धमकाने या किसी तरह से नुकसान पहुंचाने की शिकायत पर यह कमिटी कार्रवाई करेगी। ऐसे मामलों में कमिटी को स्वतः संज्ञान लेने का भी अधिकार होगा।

———————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने राष्ट्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बाईस अक्टूबर तक बढ़ा दी है।

———————————————————————

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, इग्नू ने जुलाई शैक्षणिक सत्र के लिए नामांकन की तिथि बढ़ा दी है। छात्र अब तीस अक्टूबर तक नामांकन ले सकते हैं।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने संविदा पर कार्यरत कर्मियों का मानदेय भुगतान समय पर नहीं करने के मामले में पांच जिला शिक्षा पदाधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है। इनमें पटना, बांका, जमुई, सहरसा और सीवान जिले के डीईओ शामिल हैं।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना प्रभारी कुंदन कुमार की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गयी। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जतायी है। मामले की जांच जारी है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल विधायक मुकेश कुमार यादव से अपराधियों ने हाट्सएप्प वीडियो कॉल के जरिए पच्चीस लाख रूपये की रंगदारी मांगी है। इस मामले में विधायक के निजी सचिव अभिराम पांडेय ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

———————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सोरहीपुर गांव में साईबर थाने की एसआईटी ने छापेमारी कर पन्द्रह साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिशनपुर मिडिल स्कूल में सातवीं कक्षा के एक छात्र की साथी छात्रों ने पीट–पीट कर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

———————————————————————

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांटी फैक्ट्री रोड में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर नकली शराब फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से निर्मित शराब

और शराब बनाने की सामग्रियां जब्त की गयी। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले की एक अदालत ने पोक्सो एक्ट के तहत दोषी जागो महतो को बीस साल कारावास और बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– जहरीली शराब से सत्ताईस मरे। सात की रोशनी गयी।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– किसानों और केन्द्रीय कर्मचारियों पर करम, एमएसपी और महंगाई भत्ता बढ़ा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में भी लागू होगा आरक्षण।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बाढ़ पीड़ित किसानों को दीपावली से पहले मुआवजा।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– उमर अब्दुल्ला ने जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

आज अखबार के शब्द हैं– हेलीकॉप्टर और ड्रोन से होगी बालू घाटों की निगरानी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर................

01. सीवान जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से कम से कम चार लोगों की मौत। पन्द्रह से अधिक बीमार। मामले में अब तक नौ लोगों की हुई गिरफ्तारी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– बाढ़ प्रभावित जिलों के पीड़ित किसानों को फसलों की क्षति का मुआवजा दीपावली से पहले मिल जाएगा।

03. राज्य में एक नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद। पैक्स और व्यापार मंडलों के माध्यम से किसान पन्द्रह फरवरी तक बेच सकेंगे धान।

04. और, राज्य की चार विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए एनडीए के घटक दलों के बीच सहमति बनी। भाजपा दो और जदयू तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा एक–एक सीट पर उतारेगी अपना उम्मीदवार।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।